रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 130] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 19, 2008/फाल्गुन 29, 1929
No. 130] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 19, 2008/PHALGUNA 29, 1929

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 मार्च, 2008

सा.का.नि. 196(अ).—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 (2006 का 19) के खंड 61 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस बोर्ड, एतद्द्वारा, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. **लघु शीर्ष और प्रारंभण.**—

(i) इन विनियमों को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर और स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 कहा जाएगा ।

(ii) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. **परिभाषाएँ.**—

(i) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो —

(क) 'अधिनियम' का अर्थ है पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006

(ख) 'निर्धारित दिन' का अर्थ है वह तारीख 1 अक्तूबर, 2007 जब केन्द्र सरकार ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया था ।

(ग) 'प्राधिकृत क्षेत्र' का अर्थ है सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए इन विनियमों के अंतर्गत प्राधिकृत किसी नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क (जिसे इसमें आगे सीजीडी नेटवर्क कहा गया है) के लिए निर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र, जिसमें अनुसूची 'क' में वर्णित निम्नलिखित श्रेणियां, चाहे वे पृथक हों या उसके संयोजन में हों आर्थिक रूप से व्यवहार्य श्रेणी या उसके निकट हों, में निम्नलिखित श्रेणियां शामिल हैं, अर्थात् :—

(i) सम्पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र या उसका कोई भाग, नगर निगम क्षेत्र या नगर पालिका क्षेत्र, केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य शहरी क्षेत्र, गांव, ब्लॉक, तहसील, उप-खण्ड या जिला या उसका कोई

संयोजन; और

(ii) उप-खण्ड (i) में उल्लिखित भौगोलिक क्षेत्र का कोई अन्य क्षेत्र

(घ) 'बोर्ड' का अर्थ है अधिनियम के खण्ड 3 के उप खण्ड (1) के अन्तर्गत स्थापित पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड।

(ड.) 'सिटी गैस स्टेशन' (जिसे आगे सीजीएस कहा गया है) का अर्थ है वह केन्द्र जहाँ सीजीडी नेटवर्क की प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस का अभिरक्षा अन्तरण किया जाता है।

(च) 'सीएनजी के लिए कंप्रैशन प्रभार' का अर्थ है वह प्रभार (सांविधिक करों और वसूलियों को छोड़कर) जो किसी सीएनजी केन्द्र में ग्राहकों को बाद में वितरित करने के लिए प्राकृतिक गैस को कम्प्रैशन प्राकृतिक गैस (जिसे इसमें आगे सीएनजी कहा गया है) में ऑनलाइन कम्प्रैशन के लिए रुपए प्रति कि.ग्रा. वसूल किया जाता है।

(छ) 'सीजीडी नेटवर्क का विकास' का अर्थ है नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाना, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करना।

(ज) 'नेटवर्क शुल्क' का अर्थ है सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस के सभी श्रेणी के ग्राहकों के लिए रुपए प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट में शुल्क (सांविधिक करों और वसूलियों को छोड़कर) की भारित औसत इकाई दर।

(झ) "पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस" (जिसमें इसे आगे पीएनजी कहा गया है) का अर्थ है किसी घरेलू, वाणिज्यिक या औद्योगिक खण्ड के किसी ग्राहक के उपभोग के लिए सीजीडी नेटवर्क में पाइपलाइनों के जरिए भेजी गई प्राकृतिक गैस और इसमें इसको कंप्रैस करके पूर्व ऑनलाइन सीएनजी केन्द्र को आपूर्ति की गई प्राकृतिक गैस शामिल है।

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियाँ, जिन्हें इन विनियमों में परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन अधिनियम या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों में परिभाषित किया गया है, का अर्थ वही होगा जो अधिनियम में उनके लिए दिया गया है।

3. प्रयोज्यता

(1) ये विनियम सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाले या बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने का प्रस्ताव देने वाली कंपनी पर लागू होंगे।

(2) सीजीडी नेटवर्क को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के सतत् आधार पर प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की मात्रा को बनाए रखने के लिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के सम्बद्ध विनियमों में विनिर्दिष्ट दाब पर प्रचालित करने के लिए डिजाइन किया जाएगा अर्थात:-

(क) 50,000 एससीएमडी तक प्राकृतिक गैस की आवश्यकता वाले ग्राहकों को सीजीडी नेटवर्क के जरिए आपूर्ति की जाएगी।

(ख) 50,000 एससीएमडी से अधिक और 100,000 एससीएमडी तक प्राकृतिक गैस की आवश्यकता वाले ग्राहकों को आपूर्ति -

(i) सीजीडी नेटवर्क के जरिए; या

(ii) पाइपलाइन के जरिए जो सीजीडी नेटवर्क का हिस्सा न हो।

(ग) 100,000 एससीएमडी से अधिक प्राकृतिक गैस की आवश्यकता वाले ग्राहकों को ऐसी पाइपलाइन के जरिए आपूर्ति की जाएगी जो सीजीडी नेटवर्क का हिस्सा न हो।

4. बोर्ड द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति या स्व-प्रेरणा के माध्यम से प्रस्ताव की सूचना

(1) सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने की इच्छुक कोई कंपनी बोर्ड को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शुल्क और अन्य प्रभारों की वसूली) विनियम, 2007 के अंतर्गत निर्दिष्ट आवेदन शुल्क के साथ अनुसूची 'ख' पर दिए गए प्रपत्र पर रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करेगी।

(2) बोर्ड किसी विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के लिए सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने में रुचि रखने वाली कंपनियों से स्वयं बोलियां आमंत्रित कर सकता है।

5. रुचि अभिव्यक्ति करने के लिए व्यक्ति/फर्म का चयन करने के मानदण्ड

(1) बोर्ड निम्नलिखित के संबंध में रुचि की अभिव्यक्ति का प्रारम्भिक आकलन कर सकता है, अर्थात-

(क) प्राकृतिक गैस की उपलब्धता की स्थिति

(ख) टैंक ट्रकों या टैंक वैगनों द्वारा एलएनजी आपूर्तियों और कास्केड्स द्वारा सीएनजी आपूर्तियों सहित प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क के सिटी गेट तक प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए मौजूदा या प्रस्तावित प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से संभावित कनेक्टिविटी; और

(ग) बोर्ड द्वारा आवश्यक समझा जाने वाला कोई अन्य संगत मुद्दा।

(2) बोर्ड रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर और अपने प्रारम्भिक आकलन के आधार पर रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त होने की सूचना कम से कम एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में और एक स्थानीय समाचार पत्र में (वेब पर डालने सहित) विज्ञापन प्रकाशित करेगा और तीस दिनों की अवधि में सार्वजनिक प्रक्रिया प्रारम्भ कर सकता है या रुचि की अभिव्यक्ति को रद्द कर सकता है।

परन्तु यह कि यदि बोर्ड रुचि की अभिव्यक्ति को रद्द कर देता है तो वह उस व्यक्ति/फर्म को रुचि की अभिव्यक्ति को रद्द करने के कारणों सहित निर्णय की सूचना देगा।

(3) जन परामर्श प्रक्रिया की अवधि के दौरान कोई भी कंपनी रुचि की अभिव्यक्ति पर अपने विचार लिखित में बोर्ड को दे सकती है।

(4) बोर्ड, प्राप्त हुए विचारों के आधार पर और अनुसूची 'क' में विनिर्दिष्ट मानदण्डों पर विचार करते हुए उस निर्णय सहित, चाहे वे रुचि की अभिव्यक्ति में दिए गए निर्णय से अलग हों, प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क का क्षेत्र निर्णय ले सकता है या निर्धारित कर सकता है।

(5) बोर्ड जन परामर्श प्रक्रिया समाप्त होने के बाद 15 दिनों की अवधि में सीजीडी नेटवर्क का विकास करने के प्रस्ताव को कम से कम एक राष्ट्रीय समाचार पत्र और एक स्थानीय दैनिक समाचार पत्र (वेब पर डालने सहित) के माध्यम से प्रकाशित करेगा और उसके लिए बोलियां आमंत्रित करेगा।

(6) बोर्ड उस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त हुई केवल उन प्रविष्टियों की संवीक्षा करेगा जो निम्नलिखित न्यूनतम पात्रता मानदण्ड पूरा करते हों- अर्थात

(क) कंपनी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शुल्क और अन्य प्रभारों की वसूली) विनियम, 2007 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट आवेदन-सह-बोली सहित आवेदन शुल्क अदा किया हो।

बशर्ते कि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी, जिसने रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करते समय आवेदन शुल्क पहले ही अदा कर दिया है, इस स्थिति में तब तक आवेदन शुल्क अदा नहीं करेगा जब तक कि प्राधिकृत क्षेत्र में परिवर्तन होने के कारण अतिरिक्त आवेदन शुल्क अदा करना आवश्यक न हो।

(ख) कंपनी निम्नलिखित पात्रता मानदण्डों के अनुसार सीजीडी नेटवर्क बिछाने और निर्माण करने में तकनीकी रूप से सक्षम हो अर्थात:-

(i) कंपनी ने इससे पूर्व संचयी आधार पर कम से कम 300 किलोमीटर लम्बी हाइड्रोजन पाइपलाइन या सीजीडी नेटवर्क बिछाया हो या निर्माण किया हो।

(ii) कंपनी का किसी अन्य व्यक्ति/फर्म (उस कंपनी के साथ कम से कम 11% की इक्विटी धारिता हो) ने पूर्व में संचयी आधार पर कम से कम तीन सौ किलोमीटर लम्बी हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन या सीजीडी नेटवर्क बिछाई हो या निर्माण किया हो।

(iii) कंपनी तकनीकी रूप से सक्षम एक या अधिक फर्मों, जिन्होंने पूर्व में संचयी आधार पर कम से कम तीन सौ किलोमीटर लम्बी हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन या सीजीडी नेटवर्क बिछाई हो या निर्माण किया हो, के माध्यम से एकमुश्त टर्नकी या परियोजना प्रबंधन परामर्शी आधार पर प्रस्तावित नगर या स्थानीय गैस वितरण नेटवर्क बिछाने और निर्माण करने की इच्छुक हो और व्यक्ति/फर्म ने अपनी तकनीकी क्षमता के उपर्युक्त प्रमाण सहित उन फर्मों की सूची भी संलग्न की होगी।

बशर्ते कि वह कंपनी परियोजना निष्पादन के समय उन फर्मों में से फर्मों का चयन करने के लिए स्वतंत्र होगी और बोर्ड को सूची में शामिल की गई फर्मों के प्रत्यय-पत्रों का सत्यापन करने का और कोई स्पष्टीकरण लेने का अधिकार होगा; या

(iv) कंपनी के पास हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों का निर्माण करने, प्रारंभण-पूर्व और प्रारंभण कार्यों के तकनीकी रूप से अनुभवी पर्याप्त कार्मिक हों और एकल आधार पर सीजीडी परियोजना को स्वतंत्र रूप से प्रारम्भ करने और निष्पादित करने की क्षमता हो।

स्पष्टीकरण - कंपनी के पास कम से कम तीन तकनीकी रूप से योग्य स्थायी कार्मिक हों जिन्हें निम्नलिखित क्षेत्रों में काम करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो- अर्थात:-

(i) अधिग्रहण और स्वीकृति प्रांप्त करने का अधिकार;

(ii) हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन परियोजना का डिजाइन और निष्पादन;

(iii) हाइड्रो-परीक्षण सहित प्रारम्भण पूर्व कार्य और पुन: प्राप्ति; और

(iv) हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन और स्थापनाओं की सुरक्षा;

(ग) कंपनी निम्नलिखित पात्रता मानदण्डों के अनुसार सीजीडी नेटवर्क का प्रचालन और अनुरक्षण करने के लिए तकनीकी रूप से सक्षम हो, अर्थात:-

(i) कंपनी को स्वयं सीजीडी नेटवर्क का प्रचालन और अनुरक्षण करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो;

(ii) कंपनी को ऐसे किसी अन्य कंपनी के संयुक्त उद्यम में (उस कंपनी में न्यूनतम 11 प्रतिशत की शेयरधारिता) सीजीडी नेटवर्क का प्रचालन और अनुरक्षण करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो;

(iii) कंपनी किसी अन्य पार्टी, जिसे सीजीडी नेटवर्क के प्रचालन और अनुरक्षण का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो, के साथ न्यूनतम एक वर्ष के उपयुक्त तकनीकी सहायता समझौते के माध्यम से प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क का प्रचालन और अनुरक्षण करने की इच्छुक हो;

(iv) कंपनी के पास हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों के प्रारम्भण और प्रचालन तथा अनुरक्षण (ओ एण्ड एम) में तकनीकी रूप से योग्य कार्मिक हों और उनके पास एकल आधार पर सीजीडी परियोजना के प्रचालन और अनुरक्षण कार्यकलाप स्वतंत्र रूप से करने की विश्वसनीय योजना भी हो।

स्पष्टीकरण

1. उप-खण्ड (iii) के संबंध में -

(क) कंपनी अपनी आवेदन-सह-बोली में उन प्रस्तावित फर्मों जिसके साथ मिलकर वह तकनीकी सहायता करार करने की इच्छुक है, के संगत प्रमाण और विश्वसनीय योजनाओं सहित पूरी सूची देगी और कंपनी प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क का प्रचालन और अनुरक्षण करने के लिए इस सूची में से किसी एक या एक से अधिक फर्म का चयन कर सकती है और बोर्ड को इस सूची में शामिल फर्मों के प्रत्यय-पत्रों का सत्यापन करने और किसी प्रकार का स्पष्टीकरण लेने का अधिकार है।

(ख) कंपनी नगर या स्थानीय गैस वितरण नेटवर्क के लिए आंतरिक प्रचालन और अनुरक्षण दल विकसित करने के लिए बोली देने सहित विश्वसनीय योजना भी प्रस्तुत करेगी।

2. उप-खण्ड *(iv)* के संबंध में कंपनी के पास तकनीकी रूप से योग्य न्यूनतम तीन स्थायी कार्मिक हों जिन्हें निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव हो, अर्थात:-

(क) हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों का प्रारम्भण,

(ख) प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों का प्रचालन और अनुरक्षण तथा गैस कम्प्रैशरों सहित प्राकृतिक गैस स्थापनाएं

(ग) गैस का मूल्य निर्धारण, गैस मापन, लेखाकरण, बिलिंग और संग्रहण सहित वाणिज्यिक मुद्दे; और

(घ) प्राकृतिक गैस अवसंरचनाओं की सुरक्षा।

(घ) कंपनी सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों का अनुपालन करने के लिए सहमत हो।

(ड.) कंपनी प्राधिकृत क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजना को निष्पादित करने, प्रचालन करने और उसका अनुरक्षण करने में वित्तीय रूप से सुदृढ़ स्थिति में दो और एक सीजीडी नेटवर्क के लिए बोली लगाने हेतु निम्नलिखित वित्तीय मानदण्डों को पूरा करती हो, अर्थात:-

टीयर	भारतीय जनगणना, 2001 या केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित अन्य अभिलेखों के अनुसार प्राधिकृत क्षेत्र में जनसंख्या जिसके अनुसार भी अधि हो।	प्रवर्तकों के कम्फर्ट पत्र द्वारा समर्थित एकल सीजीडी नेटवर्क में निवेश के लिए उपलब्ध प्रवर्तकों सहित कंपनी की न्यूनतम संयुक्त निवल सम्पत्ति (*)
(1)	(2)	(3)
I	5 मिलियन या अधिक	= 5 मिलियन जनसंख्या के लिए 1,500 मिलियन रुपए और 5 मिलियन से अधिक जनसंख्या के लिए आनुपातिक रूप से अधिक ($)
II	01 मिलियन या अधिक लेकिन 5 मिलियन से कम	= 1,000 मिलियन रुपए
III	0.5 मिलियन या अधिक लेकिन 01 मिलियन से कम	= 500 मिलियन रुपए
IV	0.25 मिलियन या अधिक लेकिन 0.50 मिलियन से कम	= 250 मिलियन रुपए
V	0.1 मिलियन या अधिक लेकिन 0.25 मिलियन से कम	= 100 मिलियन रुपए
VI	0.1 मिलियन से कम	= 50 मिलियन रुपए

(*) संयुक्त निवल सम्पत्ति (साम्या शेयर पूंजी और मुक्त आरक्षित लेकिन पुनर्मूल्यांकित आरक्षित निधि को छोड़कर) में पर्याप्त नकद निधि- हो जो पूरक वित्त के रूप में उपलब्ध हो और कंपनी तथा उसके प्रवर्तकों की नवीनतम वित्तीय स्थिति पर सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित परियोजना में प्रवर्तकों के साम्या अंशदान के रूप में हो। परियोजना के प्रवर्तकों के वित्तीय अंशदान को प्राधिकार दिए जाने की तारीख से तीन माह के भीतर साम्या शेयर पूंजी में

परिवर्तित करने का उल्लेख करते हुए कम्फर्ट पत्र के रूप में प्रवर्तकों का बंधपत्र आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए।

($) उदाहरण के लिए, यदि जनसंख्या 12 मिलियन हो तो संयुक्त निवल सम्पत्ति न्यूनतम 3,600 मिलियन (अर्थात 1,500 मिलियनx 12/5) के बराबर होगी।

(च) कंपनी यदि कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनी नहीं है तो सफल बोलीदाता के रूप में घोषित किए जाने पर वह कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनी बन जाएगी;

(छ) कंपनी के पास प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क में आपूर्ति के लिए प्राकृतिक गैस प्राप्त करने की विश्वसनीय योजना होनी चाहिए;

(ज) कंपनी निम्नलिखित के बराबर राशि बोली बांड प्रस्तुत करेगी:-

(i) पांच मिलियन जनसंख्या के लिए 50 मिलियन रुपए और पांच मिलियन से अधिक जनसंख्या के लिए आनुपातिक रूप से अधिक राशि।

उदाहरण - नगर या स्थानीय क्षेत्र की बारह मिलियन जनसंख्या के मामले में बोली बॉड एक सौ बीस (120) मिलियन रुपए (अर्थात 50 मिलियन रुपए x 12/5) होगी;

(ii) एक मिलियन और अधिक लेकिन पांच मिलियन से कम जनसंख्या के लिए तीस मिलियन रुपए।

(iii) आधा मिलियन और अधिक लेकिन एक मिलियन से कम जनसंख्या के लिए बीस मिलियन रुपए।

(iv) चौथाई मिलियन और उससे अधिक लेकिन आधा मिलियन से कम जनसंख्या के लिए पचास मिलियन रुपए।

(v) 1/10 मिलियन और अधिक लेकिन एक चौथाई मिलियन जनसंख्या के लिए दस मिलियन रुपए।

(vi) 1/10 मिलियन से कम जनसंख्या के लिए पांच मिलियन रुपए।

(झ) बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी पर अधिनियम के अध्याय IX के अन्तर्गत कोई दण्ड या धारा 28 के अन्तर्गत कोई शास्ति नहीं लगाई गई हो।

Imfacade

(ञ) यदि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी खण्ड (क) से (छ) तक में दिए गए मानदण्ड की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत की गई बोली को अस्तीकृत कर दिया जाएगा और उसे इस आशय की सूचना दी जाएगी और उस कंपनी की बोली नहीं खोली जाएगी।

(ट) बोली बांड -

(i) का नकदीकरण कराया जाएगा, यदि बोली प्रस्तुत करने वाली कंपनी, बोली छोड़कर चली जाती है।

(ii) बोली प्रस्तुत करने वाली असफल रही कंपनी के मामले में बोली बांड निर्मुक्त कर दिया जाएगा।

(iii) सफल बोलीदाता द्वारा प्राधिकार के समय निर्धारित निष्पादन बांड प्रस्तुत किए जाने तक बोली बांड को रोक लिया जाएगा।

(7) आवेदन-सह-बोली अनुसूची 'ग' में निर्दिष्ट प्रपत्र पर दो भागों में अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत की जाएंगी जिस पर स्पष्ट रूप से यह लिखा होना चाहिए:-

(क) भाग-I (तकनीकी बोली) जिसमें उप-विनियम (6) के अन्तर्गत न्यूनतम पात्रता मानदण्ड सहित कंपनी का सामान्य विवरण और परियोजना का तकनीकी ब्यौरा शामिल है।

(ख) भाग-II (वित्तीय बोली) विनियम-7 के अन्तर्गत आने वाले वित्तीय ब्यौरे।

(8) सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन और विस्तार करने के लिए प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करने के लिए 60 दिनों का समय देना और अधिसूचित तारीख के बाद प्राप्त होने वाले किसी आवेदन-सह-बोली पर विचार नहीं किया जाएगा।

(9) बोर्ड विज्ञापन के जरिए बोली प्रस्तुत करने की तारीख को एक माह तक की अवधि के लिए उप-विनियम (5) के अन्तर्गत दिए हुए तरीके से मूल विज्ञापन के प्रत्युत्तर में केवल एक ही आवेदन-सह-बोली प्राप्त होने में अवधि बढ़ाने की तरह ही बढ़ा सकता है।

6. सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तार करने के लिए बोर्ड द्वारा आमंत्रण

बोर्ड किसी नगर या भौगोलिक क्षेत्र में सीजीडी नेटवर्क का विकास करने के संबंध में स्वयं कोई दृष्टिकोण बना सकता है और उस मामले में विनियम 5 (रुचि की अभिव्यक्ति से संबंधित पहलुओं को बोर्ड द्वारा तैयार किए गए परियोजना ब्यौरे द्वारा प्रतिस्थापित पहलुओं को छोड़कर) में विनिर्दिष्ट कार्यविधि लागू होगी।

7. बोली मानदण्ड

(1) बोर्ड प्राधिकार के प्रस्तावों पर विचार करते समय नीचे दिए गए बोली मानदण्डों के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदण्ड पूरा करने वाली सभी वित्तीय बोलियों की सूची तैयार करेगा और उनकी तुलना करेगा-

(क) सीजीडी नेटवर्क परियोजना की आर्थिक कालावधि (प्राधिकारी की तारीख से पच्चीस वर्ष) में प्राकृतिक गैस (सीएनजी के लिए ऑनलाइन कम्प्रैशर को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सहित) के प्रत्येक श्रेणी के ग्राहकों द्वारा प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क के उपयोग के लिए समग्र इकाई नेटवर्क शुल्क के मौजूदा मूल्य में कमी। कंपनी को परियोजना की आर्थिक कालावधि के प्रत्येक वर्ष के लिए शुल्क प्रभार हेतु बोली देनी अपेक्षित होगी इसे 40 प्रतिशत तरजीह दी जाएगी।

(ख) परियोजना की आर्थिक कालावधि में प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क के सीएनजी केन्द्रों में वितरण के लिए सीएनजी के कंप्रेशन प्रभार के मौजूदा मूल्य में कमी करता। कंपनी को परियोजना की आर्थिक कालावधि के प्रत्येक वर्ष के लिए कंप्रेशन प्रभार हेतु बोली देनी अपेक्षित होगी। इसे 40 प्रतिशत की तरजीह दी जाएगी।

(ग) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर और स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के लिए विशिष्टता) विनियम, 2008 में विनिर्दिष्ट सामान्य वाहक या संविदा वाहक के क्षेत्राधिकार की छूट के रूप में विशिष्टता तथा उस अवधि के दौरान सीजीडी नेटवर्क में बिछाए जाने के लिए प्रस्तावित स्टील पाइपलाइन के इंच-किलोमीटर के मौजूदा मूल्य की अधिकता। कंपनी को विशिष्टता अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए सीजीडी नेटवर्क में स्टील पाइपलाइन के इंच-किलोमीटर हेतु बोली देना आवश्यक होगा। इसे 40 प्रतिशत की तरजीह दी जाएगी।

(घ) कंपनी द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क) विनियम, 2008 में निर्दिष्ट सामान्य वाहक या संविदा वाहक के क्षेत्राधिकार की छूट के रूप में विशिष्टता उस अवधि के दौरान पीएनजी से जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित घरेलू ग्राहकों की संख्या में वृद्धि। कंपनी को इस विशिष्टता अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए पीएनजी से जोड़े जाने वाले घरेलू ग्राहकों की संख्या के लिए बोली देना आवश्यक होगा। इसे तीस प्रतिशत की तरजीह दी जाएगी।

(2) उप-विनियम (1) के खंड *(क)* से *(घ)* तक में दिए गए और अनुसूची *ग(1)* में वर्णित मादनण्डों के अनुसार विचार करते हुए अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली कंपनी को सफल बोल दाता घोषित किया जाएगा।

8. नेटवर्क शुल्क का निर्धारण और वसूली तथा सीएनजी के लिए कंप्रेशन प्रभार

(1) सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए नेटवर्क शुल्क, विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खंड (क) के अन्तर्गत नेटवर्क शुल्क बोली के अनुसार निर्धारण किया जाएगा और पीएनजी तथा सीएनजी के सभी श्रेणियों के ग्राहकों से वसूल किया जाएगा।

(2) सीजीडी नेटवर्क में सीएनजी के लिए कंप्रैशन प्रभार विनियम 7 के उप-विनियम (1) के खंड (ख) के अन्तर्गत सीएनजी बोली के लिए कंप्रैशन प्रभार निर्धारित किए जाएंगे और केवल सीएनजी के ग्राहकों से वसूल किए जाएंगे।

(3) कंपनी गैर-विवेकाधिकार आधार पर किसी प्रीमियम या छूट के बिना बीजक के जरिए अलग से सीएनजी के कंप्रैशन प्रभार और नेटवर्क शुल्क वसूल करेंगी।

(4) सीएनजी स्टेशन के लिए कास्केड माउंटिड प्रणाली में सीएनजी का भंडारण और परिवहन करने जैसे प्राकृतिक गैस को सीएनजी में ऑनलाइन कंप्रैशन करने पर आने वाली लागत सीएनजी के वितरण से सम्बद्ध कार्यकलाप हैं और यह इन विनियमों के अन्तर्गत नहीं आता है।

9. निष्पादन बांड

(1) प्राधिकार निम्नलिखित राशि के बराबर की राशि का कार्य-निष्पादन बांड प्रस्तुत करने के पश्चात चुनिन्दा कंपनी को जारी किया जाएगा :-

(क) पांच मिलियन या अधिक जनसंख्या वाले प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में एक सौ मिलियन रुपए या अनुमानित परियोजना पूंजी लागत का पांच प्रतिशत जो भी अधिक हो।

(ख) एक मिलियन या अधिक लेकिन पांच मिलियन के कम जनसंख्या वाले प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में साठ मिलियन रुपए या अनुमानित परियोजना पूंजीगत लागत का पांच प्रतिशत जो भी अधिक हो।

(ग) आधे मिलियन या अधिक लेकिन एक मिलियन से कम जनसंख्या वाले प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में चालीस मिलियन रुपए या अनुमानित परियोजना पूंजी लागत का पांच प्रतिशत, जो भी अधिक हो।

(घ) एक चौथाई मिलियन या अधिक लेकिन आधा मिलियन से कम जनसंख्या वाले प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में तीस मिलियन रुपए या अनुमानित परियोजना पूंजी लागत का पांच प्रतिशत, जो भी अधिक हो।

(ड.) 1/10 मिलियन या अधिक लेकिन एक चौथाई मिलियन जनसंख्या से कम वाले प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में 20 मिलियन रुपए या अनुमानित परियोजना पूंजी लागत का पांच प्रतिशत, जो भी अधिक हो।

(च) 1/10 मिलियन से कम जनसंख्या वाले प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में 10 मिलियन रुपए या अनुमानित लागत का पांच प्रतिशत, जो भी अधिक हो।

स्पष्टीकरण - विनियम 11 के अनुसार वित्तीय समापन पूरा होने पर यदि अनुमानित परियोजना लागत में परिवर्तन होता है तो निष्पादन बांड की राशि को उपर्युक्त आधार पर आवेदन करके संशोधित किया जाएगा।

(2) परियोजना के प्रचालन चरण के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क समय पर प्रारम्भ करने और चुनी गई कम्पनी द्वारा सेवा बाध्यताओं को पूरा करने के लिए भी गारंटी देने हेतु निष्पादन बांड निर्धारित किए गए हैं।

10. प्राधिकार देना

(1) बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से तीस दिनों की अवधि के अन्दर अनुसूची घ में दिए गए प्रपत्र पर चुनी गई कम्पनी को प्राधिकार दिया जाएगा।

(2) प्राधिकार प्राकृतिक गैस के लिए कम्पनी द्वारा पुरार करार करने और विनियम 11 के अनुसार वित्तीय समापन की शर्त पर प्रदान किया जाएगा।

(3) कम्पनी को प्राधिकार देना इसे जारी करने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के दौरान किसी कंपनी को बिक्री, सौंपने, अंतरित करने या अभ्यार्थित करने के जरिए परित्याग करके नहीं दिया जाएगा।

(4) तीन वर्षों की अवधि की समाप्ति के पश्चात किसी अन्य कंपनी के पक्ष में प्राधिकार का परित्याग करने की इच्छुक कम्पनी कम से कम तीस दिन पहले बोर्ड को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी ओर बोर्ड द्वारा मांगी गई समस्त जानकारी उपलब्ध कराएगी।

(5) बोर्ड इस बात से स्वंय संतुष्ट होने के पश्चात कि सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तार करने के मौजूदा या प्रस्तावित कार्यकलापों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा उस पूरे प्रस्ताव को या उचित समझे जाने वाले संशोधनों के साथ स्वीकार करेगा और उस मामले में जहां कम्पनी को सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तार करने के कार्यकलाप प्रारम्भ करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमति दी गई है, वह कम्पनी सेवा बाध्यताओं का अनुपालन करने और सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुसरण करने सहित प्राधिकार की मौजूदा या संशोधित निबंधन और शर्तों का पालन करेगी।

परन्तु यह कि बोर्ड को जनहित में प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार होगा और ऐसे मामले में बोर्ड अस्वीकार करने के कारण लिखित रूप में देगा।

11. प्राकृतिक गैस समझौता और वित्तीय समाप्ति

(1) विनियम 10 के अंतर्गत प्राधिकृत कंपनी प्राधिकरण के जारी होने की तारीख के नब्बे दिनों के अंदर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (विशेषकर नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क) विनियम, 2008 के अंतर्गत स्वीकृत सामान्य वाहक या संविदा वाहक से छूट के लिए विशिष्ट अवधि के बराबर या उससे अधिक अवधि के लिए 'दूरी बनाए रखने' के सिद्धांत पर प्रस्तावित सीजीडी

नेटवर्क परियोजना के लिए एक सुनिश्चित प्राकृतिक गैस आपूर्ति हेतु प्राकृतिक गैस के स्वामित्व वाली किसी कंपनी के साथ पारदर्शी ढंग से एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगी।

(2) उप-विनियम *(1)* में उल्लिखित समझौते के अंतर्गत प्राकृतिक गैस आपूर्ति की मात्रा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (विशेषकर नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क) विनियम, 2008 के अंतर्गत स्वीकृत सामान्य वाहक या संविदा वाहक से छूट के लिए विशिष्ट अवधि के प्रत्येक वर्ष हेतु नेटवर्क शुल्क बोली के निर्धारण में विचारार्थ मात्रा के कम से कम पचास प्रतिशत के बराबर होगी।

(3) प्राधिकृत कंपनी प्राधिकरण की तारीख से एक सौ बीस दिनों की अवधि के अंदर बैंक या वित्तीय संस्थान से परियोजना की वित्तीय समाप्ति प्राप्त करेगी।

(4) आंतरिक वित्त-पोषित परियोजना के मामले में व्यक्ति/फर्म, प्राधिकरण के एक सौ बीस दिनों के अंदर परियोजना की विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (आगे से डीएफआर के रूप में उल्लेख किया जाएगा) तथा अपनी वित्तीय योजना के संबंध में अपने निदेशक मंडल का अनुमोदन प्रस्तुत करेगी :

बशर्ते कि बोर्ड, कंपनी को वित्तीय समाप्ति पर अन्य कोई ब्यौरा या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहे।

(5) यदि कंपनी उप विनियम (1) से (4) तक की आवश्यकताओं को पूरा करने में असफल रहती है तो कंपनी को प्रदत्त सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा और निष्पादन बंधपत्र को भुना

लिया जाएगा तथा बोर्ड को पारदर्शी ढंग से पुनः प्राधिकार देने का अधिकार होगा, और कंपनी को इसके लिए बोर्ड से कोई मुआवजा प्राप्त करने या समाधान करने का कोई अधिकार, जो कोई भी हो, नहीं होगा।

12. विशिष्ट अवधि

नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण के लिए पाइपलाइन बिछाने, संचालन या विस्तार करने की विशिष्ट अवधि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (विशेषकर नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क) विनियम, 2008 में निहित प्रावधानों के अनुसार होगी।

13. प्राधिकरण-उपरांत कार्यकलापों की निगरानी (स्थापना-पूर्व)

(1) प्राधिकृत कंपनी तिमाही आधार पर प्राप्त अनुमोदनों, प्राप्त लक्ष्यों, किए गए व्यय, चल रहे कार्यों तथा अन्य संगत सूचना से संबंधित प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा अनुसूची ड. पर दिए गए प्रपत्र में भरकर उपलब्ध कराएगी।

(2) बोर्ड कंपनी से सीजीडी नेटवर्क की सुरक्षित स्थापना और प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए स्थापना चरण के दौरान तथा उसके बाद तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा के जरिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

(3) बोर्ड सीजीडी परियोजना के संबंध में विभिन्न लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कंपनी की प्रगति की निगरानी करेगा, और कोई अपवर्तन या कमी पाए जाने पर कंपनी को उसकी उपचारात्मक कार्रवाई की सलाह देगा।

India Code

14. प्राधिकृत कंपनी की सेवा बाध्यताएं (स्थापना-उपरांत)

(1) कंपनी अंतिम मील कनेक्टिविटी, अर्थात् मीटर यूनिट से पहले राइजर आइसोलेशन वाल्व तथा ग्राहक के परिसर में बर्नर को जोड़ने वाली सुरक्षा होज़ पाइप के बीच की स्थापना के लिए मजदूरी लागत सहित निम्नलिखित उपकरणों और सुविधाओं की सुरक्षा हेतु घरेलू पीएनजी ग्राहकों से ब्याज-मुक्त प्रतिदेय ज़मानत जमा राशि ले सकती है जो एक कनेक्शन के लिए पाँच हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए, अर्थात्:-

(क) मीटर यूनिट लगाने से पहले राइजर आइसोलेशन वाल्व;

(ख) मीटर पाइप तक दस मीटर लंबी पाइप;

(ग) मीटर इकाई;

(घ) मीटर यूनिट से अतिरिक्त प्रवाह जांच वाल्व-एवं-आइसोलेशन वाल्व तक पाँच मीटर लंबी पाइप या ट्यूब;

(ड.) अतिरिक्त प्रवाह जांच वाल्व-एवं-आइसोलेशन वाल्व; और

(च) घरेलू पीएनजी बर्नर को जोड़ने वाली मानक आकार की सुरक्षा होज़ पाइप:

बशर्ते कि कंपनी द्वारा लगाई गई नेटवर्क शुल्क बोली में अंतिम मील कनेक्टिविटी शामिल होगी।

स्पष्टीकरण -

1. घरेलू पीएनजी ग्राहक को सामग्री, पाइप के मजदूरी प्रभार तथा ऊपर विनिर्दिष्ट लंबाई से अधिक लंबी पाइप की वास्तविक लागत वहन करनी होगी।

2. घरेलू पीएनजी ग्राहक को उसी परिसर में अन्य घरेलू पीएनजी बर्नर या अन्य कोई गैस-आधारित उपकरण को जोड़ने के लिए सामान्य मीटर यूनिट से अधिक के मजदूरी प्रभार सहित स्थापना की वास्तविक लागत का भुगतान करना होगा।

(2) कंपनी गैर-घरेलू पीएनजी ग्राहकों से स्थापना के लिए ब्याज-मुक्त प्रतिदेय सुरक्षा जमा राशि ले सकती है जो मीटर यूनिट तथा अन्य संबंधित उपकरण और मजदूरी प्रभार की वास्तविक लागत से अधिक नहीं होनी चाहिए:

बशर्ते कि इनकी कंपनी द्वारा ग्राहक के परिसर में स्थापना की जाए।

(3) कंपनी किसी घरेलू पीएनजी ग्राहक पर प्राकृतिक गैस बर्नर स्टोव खरीदने या प्राकृतिक गैस की आपूर्ति से जुडी अन्य कोई सेवा लेने के लिए कोई अनुचित दबाव नहीं डालेगी।

(4) कंपनी किसी भावी घरेलू पीएनजी ग्राहक के मौजूदा एलपीजी बर्नर स्टोव को प्राकृतिक गैस बर्नर स्टोव में नि:शुल्क परिवर्तित करेगा।

(5) प्राधिकृत कंपनी आबंटन तथा निम्नलिखित कार्यकलापों के संबंध में अर्जित राजस्व के आधार पर प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष और सामान्य लागत को अलग-अलग करने के लिए विस्तृत कार्यकलाप आधारित लागत रिकार्ड सहित पृथक बही खाते रखेगी -

(क) इसके ओडराइजेशन सहित प्राकृतिक गैस की खरीद;

(ख) सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस का परिवहन;

(ग) प्राकृतिक गैस का सीएनजी में ऑनलाइन कंप्रेशन;

(घ) सीएनजी का कासकेड माउंटेड प्रणाली, यदि कोई हो, में परिवहन;

(ड.) विपणन या वितरण, जिसमें सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस और सीएनजी के विपणन या वितरण के लिए किसी एजेंसी को दिया गया कमीशन शामिल हो; और

(च) बूस्टर कंप्रेशन सहित सीएनजी का वितरण, यदि कोई हो।

(6) उप-विनियम (5) के खण्ड (क) से (च) में उल्लिखित कार्यकलापों से संबंधित लागत और राजस्व को कंपनी के बही खातों में अलग से दर्शाया जाना चाहिए।

(7) प्राधिकृत कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि -

(क) सीजीडी नेटवर्क में परिवहन के कार्यकलाप तथा प्राकृतिक गैस के विपणन के कार्यकलाप के बीच लागत पर कोई दोहरी राजसहायता नहीं दी जानी चाहिए;

(ख) विनियमित सेवा उपलब्ध कराने के लिए एकत्रित ग्राहक से संबंधित सूचना की गोपनीयता को बनाए रखा जाना चाहिए; और

(ग) सीजीडी नेटवर्क में प्राकृतिक गैस के परिवहन के कार्यकलाप के लिए स्वयं या अपनी किसी अन्य संबद्ध कंपनी को कोई अधिमान पहुंच की अनुमति दी जानी चाहिए।

(8) प्राधिकृत कंपनी स्थापना चरण के दौरान नियमित अंतराल पर अनुमोदित पैनल में से स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों या प्रमाणित एजेंसियों द्वारा तकनीकी और सुरक्षा लेखा-परीक्षा कराने तथा उसके बाद सतत आधार पर तकनीकी मानकों और विशिष्टियों, जिनमें निष्कर्ष सहित सुरक्षा मानक तथा लेखा-परीक्षा रिपोर्ट शामिल होंगी, के लिए संगत विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। इन्हें बोर्ड को प्रस्तुत किया जाएगा और बोर्ड इनकी समीक्षा करेगा और कंपनी को उपचारी कार्रवाई, यदि कोई हो, करने के लिए सलाह देगा।

(9) कंपनी को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (विशेषकर नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क) विनियम, 2008 के अंतर्गत उल्लिखित सेवा बाध्यताओं को पूरा करना होगा।

15 सेवा मानकों की गुणवत्ता

(1) सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाली कंपनी को अनुसूची च में विनिर्दिष्ट अनुसार सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन अवश्य करना चाहिए।

(2) सेवा मानकों की गुणवत्ता का अनुपालन करने में कंपनी के कार्य-निष्पादन का बोर्ड द्वारा समय-समय पर आकलन किया जाएगा तथा इनकी न्यूनतम निर्धारित बैंचमार्क से तुलना की जाएगी तथा कार्य-निष्पादन का स्तर न्यूनतम निर्धारित

बैंचमार्क से कम पाए जाने पर विनियम 16 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

16 चूक के परिणाम और प्राधिकार प्रक्रिया का रद्द किया जाना

(1) प्राधिकृत कंपनी इन विनियमों में विनिर्दिष्ट सभी निबंधन और शर्तों का पालन करेगा और केवल प्रतिकूल परिस्थितियों को छोड़कर ऐसा करने में असफल रहने पर निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, अर्थात्:-

(क) बोर्ड दोषी कंपनी को विनियमों के अंतर्गत उसकी बाध्यताओं को पूरा करने के लिए उसे उपयुक्त समय देते हुए एक नोटिस जारी करेगा;

(ख) यदि कंपनी द्वारा बोर्ड को संतुष्ट करते हुए निर्धारित अवधि में सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है तो आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।;

(ग) सुधारात्मक कार्रवाई करने में असफल रहने पर बोर्ड निम्नलिखित आधार पर कंपनी के कार्य-निष्पादन बंधपत्र को भुना सकता है, अर्थात्:-

(i) पहली चूक होने पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की राशि में पच्चीस प्रतिशत की कटौती; और

(ii) दूसरी चूक होने पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की राशि में पचास प्रतिशत की कटौती:

बशर्ते कि कंपनी राशि के भुनाए जाने के एक सप्ताह के अंदर उप-खण्ड (i) और (ii) के प्रत्येक मामले में कार्य-निष्पादन बंधपत्र की पूर्ति कर देगी, ऐसा न करने

पर कार्य-निष्पादन बंधपत्र की बकाया राशि को भी भुना लिया जाएगा और कंपनी का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा।

(iii) तीसरी बार चूक होने पर कार्य-निष्पादन की एक सौ प्रतिशत राशि भुना ली जाएगी तथा कंपनी का प्राधिकार रद्द कर दिया जाएगा;

(क) किसी प्राधिकार को रद्द करने को लागू करने की प्रक्रिया अनुसूची छ में उपलब्ध कराए गए अनुसार होगी;

(ख) बोर्ड बिना किसी पूर्वाग्रह के खण्ड *(क)* से *(घ)* में विनिर्दिष्ट अनुसार अधिनियम के अध्याय IX के अंतर्गत अपराध और दण्ड के लिए निर्धारित अनुसार कार्रवाई करने के अलावा अधिनियम की धारा 28 के अनुसार सिविल दण्ड भी लगा सकता है।

17. निर्धारित तारीख से पूर्व सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति/फर्म।

(1) कंपनी निर्धारित तारीख से एक सौ अस्सी दिनों की अवधि के अंतर्गत अनुसूची ज में दर्शाए अनुसार फार्म में सहायक दस्तावेजों सहित संगत सूचना प्रस्तुत करेगा।

(2) कंपनी केन्द्र सरकार द्वारा प्राधिकरण की निबंधन और शर्तों के साथ-साथ केन्द्र सरकार द्वारा अधिरोपित बाध्यताओं का भी पालन करेगी।

IndiaCode

(3) कंपनी विनियम 15 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार सुरक्षा मानकों और सेवा मानकों की गुणवत्ता सहित तकनीकी मानकों और विशिष्टियों के लिए संगत विनियमों का पालन करेगी।

(4) बोर्ड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (विशेषकर नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क) विनियम, 2008 के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार ऐसी निबंधन और शर्तों को विशिष्टता प्रदान करने पर विचार कर सकता है।

(5) सीएनजी के लिए नेटवर्क शुल्क और कंप्रेशन प्रभार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क तथा सीएनजी के लिए कंप्रेशन प्रभार का निर्धारण), विनियम 2008 के अंतर्गत निर्धारित अनुसार होगा।

(6) कंपनी के कार्यकलाप अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लागू अनुसार ऐसे अन्य विनियमों के अध्यधीन होंगे।

18 निर्धारित तारीख से पूर्व सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अप्राधिकृत व्यक्ति/फर्म।

(1) निर्धारित तारीख से पूर्व किसी भी समय सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने वाली कंपनी, जिसे केन्द्र सरकार द्वारा विधिवत प्राधिकृत न किया गया हो, अनुसूची-झ में दिए गए फार्म में प्राधिकार प्राप्त करने के लिए तत्काल आवेदन कर सकता है।

(2) बोर्ड प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदनपत्रों पर विचार करते समय निम्नलिखित मानदण्डों पर विचार करेगा, अर्थात्:-

(क) कंपनी निर्धारित तारीख से पूर्व उप-विनियम 6 के खण्ड (क) से (ड.) में विनिर्दिष्ट अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदण्ड पूरा करती हो तथा उसके पास सभी आवश्यक सांविधिक अनुमोदन, अनुमतियां, केन्द्र और राज्य सरकारों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र तथा अन्य सांविधिक प्राधिकार हों;

(ख) कोई व्यक्ति/फर्म, जो प्राधिकार प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है, तो वह कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत नहीं है तो उसे कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक पंजीकृत कंपनी बनना होगा:

बशर्ते कि बोर्ड किसी कंपनी को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकरण कराने की उन शर्तों, जिन्हें वह उपयुक्त समझता हो, से छूट दे सकता है;

(ग) परियोजना का वित्त-पोषण करने वाले वित्तीय संस्थान द्वारा मूल्यांकित कंपनी के डीएफआर की तुलना में निर्धारित तारीख से तत्काल पूर्व की गई वास्तविक भौतिक प्रगति तथा वित्तीय वचनबद्धता का संतोषजनक आकलन करना। यदि परियोजना का किसी वित्तीय संस्थान द्वारा वित्त-पोषित नहीं किया गया है तो बोर्ड डीएफआर का मूल्यांकन कर सकता है। किसी कंपनी की डीएफआर में परियोजना के विनिर्दिष्ट भूगौलिक क्षेत्र तथा सीएनजी और पीएनजी के प्रस्तावित कवरेज को भी विशेष रूप से दर्शाया जाना चाहिए। यदि कंपनी द्वारा प्रस्तावित भूगौलिक क्षेत्र, ग्राहक खण्ड, आधारभूत आवश्यकताओं, आदि को

ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा डीएफआर की संवीक्षा करने पर यदि डीएफआर कम-इष्टतम और अस्वीकार्य पाई जाती है तो बोर्ड कंपनी को प्राधिकार न प्रदान करने पर विचार कर सकता है ;

(घ) की गई वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उसमें अंतर्निहित खण्ड (ग) में उल्लिखित वित्तीय वचनबद्धता के संबंध में निर्धारित तारीख से तत्काल पूर्व डीएफआर के अनुसार सीजीडी परियोजना के लिए चयनित भौतिक प्रगति की कम से कम पच्चीस प्रतिशत तथा पूंजीगत व्यय की कम से कम पच्चीस प्रतिशत वित्तीय वचनबद्धता को पर्याप्त माना जा सकता है;

(ड.) कंपनी ने निर्धारित तारीख से पूर्व सीजीएस के लिए अर्जन या पट्टे पर सीजीएस के लिए भूमि की व्यवस्था कर ली हो तथा सीजीएस के उत्थापन के लिए आवश्यक उपकरण प्राप्त कर लिए हों;

(च) बोर्ड को वास्तविक भौतिक प्रगति कराने और प्रमाणित वित्तीय वचनबद्धता प्राप्त करने का अधिकार होगा तथा प्राप्त प्रगति के आधार पर बोर्ड कंपनी को प्राधिकृत क्षेत्र के लिए निम्नलिखित प्राधिकार देने पर विचार कर सकता है -

i) अपने डीएफआर में भूगौलिक क्षेत्र के अनुसार;

ii) निर्धारित तारीख तक कार्यान्वयन के अंतर्गत वास्तव में शामिल भूगौलिस क्षेत्र के अनुसार; अथवा

iii) बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार भूगौलिक क्षेत्र;

(छ) सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार के संबंध में कंपनी को लागू तकनीकी मानकों, तकनीकी मानकों और विशिष्टियों, जिनमें विनियम 15 में विनिर्दिष्ट अनुसार सुरक्षा मानकों और सेवा मानकों की गुणवत्ता शामिल है, के लिए संगत विनियमों में विनिर्दिष्ट अनुसार विशिष्टियों और सुरक्षा मानकों को पूरा करने की उनकी योग्यता के बारे में बोर्ड को संतुष्ट कराना होगा;

(ज) किसी वित्तीय संस्थान द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार सीजीडी नेटवर्क परियोजना का विकास करने संबंधी वित्तीय वचनबद्धता को समय पर और पर्याप्त रूप से पूरा करने के लिए किसी कंपनी की वित्तीय स्थिति;

(झ) सीजीडी नेटवर्क द्वारा शामिल किए जाने वाले क्षेत्र के लिए प्राधिकृत क्षेत्र में मांग को पूरा करने के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए सुदृढ़ प्रबंधन करना;

(ञ) आवेदन की जांच करने पर बोर्ड द्वारा संगत समझा गया अन्य कोई मानदण्ड।

(3) मानदण्ड की मिश्रित प्रकृति और अंतर-संपर्कों पर समग्र रूप से विचार करते हुए खण्ड (क) से (ञ) के अनुसार आवेदनपत्र का मूल्यांकन किया जाएगा।

(4) बोर्ड उप-विनियम (2) में अंतरनिहित मानदण्डों के अनुसार आवेदन की जांच करने के बाद तथा अन्य विनियमों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रथम दृष्टया दृष्टिकोण बना सकता है कि क्या मामले को प्राधिकार देने के संबंध में विचार किया जाना चाहिए।

(5) प्रथम दृष्टया विचार करने के मामले में बोर्ड परियोजना का संक्षिप्त ब्यौरा देते हुए एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय भाषा समाचारपत्र (वेबहोस्टिंग सहित) में एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगा तथा प्रस्ताव पर किसी व्यक्ति से तीस दिनों के अंदर टिप्पणियां और आपत्तियां, यदि कोई हों, प्राप्त करेगा।

(6) बोर्ड टिप्पणियों और आपत्तियों, यदि कोई हों, की जांच करने के बाद उप-विनियम (5) के अंतर्गत सीजीडी नेटवर्क के लिए प्राधिकार देने के मामले पर या तो विचार कर सकता है अथवा उसे रद्द कर सकता है।

(7) यदि प्राधिकार प्रदान करने का निर्णय लिया जाता है तो यह अनुसूची घ में दिए गए फार्म के अनुसार होना चाहिए;

(8) आवेदन के रद्द होने की स्थिति में बोर्ड संबंधित पार्टी को उसकी स्थिति को स्पष्ट करने के लिए उचित अवसर प्रदान करने के बाद एक स्पीकिंग आर्डर पारित करेगा तथा विनियम 6 के अनुसार परियोजना के लिए किसी उपयुक्त कंपनी का चयन करने संबंधी आगे कार्रवाई करेगा।

(9) यदि कंपनी को सीजीडी नेटवर्क का प्राधिकार देने के लिए चयन हो जाता है तो -

(क) सीएनजी के लिए नेटवर्क शुल्क और कंप्रेशन प्रभार का निर्धारण पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क तथा सीएनजी के लिए कंप्रेशन प्रभार का निर्धारण), विनियम 2008 के अंतर्गत निर्धारित अनुसार होगा;

(ख) बोर्ड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क तथा सीएनजी के लिए कंप्रेशन प्रभार का निर्धारण), विनियम 2008 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार ऐसी निबंधन और शर्तों को विशिष्टता प्रदान करने पर विचार कर सकता है;

(ग) कंपनी तकनीकी मानकों और विशिष्टियों, जिसमें सुरक्षा मानक शामिल होंगे, के लिए संगत विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अनुसार सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानकों, विशिष्टियों का पालन करेगी;

(घ) कंपनी पर विनियम 9, 13, 14, 15 और 16 में अंतरनिहित प्रावधान लागू होंगे।

19. विविध

यदि इन विनियमों के किसी प्रावधान के कार्यान्वयन के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

IndiaCode

अनुसूची क

[विनियम 2 *(1) (ग)* और *5 (4)* देखें]

सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए प्राधिकृत क्षेत्र को परिभाषित करने का आधार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के विनियम 2 *(1) (ग)* के अनुसार सीजीडी नेटवर्क के प्राधिकृत क्षेत्र के संबंध में विनिर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र की आर्थिक व्यवहार्यता और भौगोलिक सम्बद्धता निम्नलिखित मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए की जा सकती है:

1. आर्थिक व्यवहार्यता

प्राधिकृत क्षेत्र में ग्राहकों के विभिन्न वर्गों होने चाहिए और उनमें प्राकृतिक गैस की मांग होनी चाहिए जो सीजीडी नेटवर्क को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने पर किए गए निवेश को प्रथम दृष्टया पूरी मितव्ययी अवधि के लिए औचित्यपूर्ण ठहराता हो। इस संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत निम्नलिखित हैं:-

क) व्यवहार्य प्रक्षेपित ढांचा, जिसमें औद्योगिक, वाणिज्यिक, परिवहन, घरेलू आदि सभी प्रकार का ग्राहक वर्ग शामिल हैं;

ख) प्रस्तावित क्षेत्र में सीजीडी नेटवर्क के प्रचालन और रखरखाव को सुकर बनाना तथा सभी वर्ग के ग्राहकों को सेवा प्रदान करना;

ग) प्रस्तावित क्षेत्र में सीजीडी नेटवर्क को बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने की परियोजना की आर्थिक व्यवहार्यता।

2. भौगोलिक सम्बद्धता

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के अनुसार किसी क्षेत्र के भूगौलिक क्षेत्र के साथ संबद्धता पर विचार करने के लिए इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि उनके स्वतंत्र सीजीडी नेटवर्क हेतु इस प्रकार के क्षेत्र के लिए आर्थिक व्यवहार्यता नहीं होगी।

टिप्पणी:

यदि बोर्ड यह समझता है कि ग्राहक सेवा को बनाए रखने के लिए विनिर्दिष्ट भौगोलिक क्षेत्र काफी व्यापक है; या सुरक्षित और सुविधाजनक प्रचालन नहीं हो सकते; या उसमें सीमित प्रतिस्पर्धा क्षमता है, तो बोर्ड को रुचि की अभिव्यक्ति के स्तर पर ही हस्तक्षेप करने का अधिकार होगा। दूसरी ओर, यदि बोर्ड यह समझता है कि भौगोलिक क्षेत्र अधिक छोटा है; या इसके अंतर्गत ग्राहकों का कुछ वर्ग ही आता है; या संभावनाएं बहुत कम हैं; तो भी बोर्ड हस्तक्षेप कर सकता है। ऐसे सभी मामलों में बोर्ड एक ऐसा भौगोलिक क्षेत्र निर्धारित कर सकता है जिसका आकार रुचि की अभिव्यक्ति में दिए गए आकार से भिन्न होगा।

IndiaCode

अनुसूची ख

[विनियम 4(1) और 5(ग) देखें]

सीजीडी नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने की इच्छुक कंपनी द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का आवेदन-पत्र

क. केवल वह कंपनी, जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 विनियम 5(घ) में दिए गए न्यूनतम अर्हता मानदण्डों को पूरा करती है, बोर्ड को रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आवेदन करने की पात्र होगी।

ख. कंपनियों को न्यूनतम अर्हता मानदण्डों को पूरा करने से संबंधित दस्तावेजों को प्रमाण के रूप में अवश्य संलग्न करना चाहिए।

ग. रुचि की अभिव्यिक्त देने वाली कंपनियां निम्नलिखित सूचना अवश्य दें:

1. सामान्य विवरण

क. कंपनी का नाम

ख. फर्म का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/भागीदार कंपनी/प्रोप्राइटरशिप फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें)

ग. निगमित होने की तारीख और व्यवसाय शुरू करने की तारीख

घ. पंजीकृत कार्यालय का पता

2. आधारभूत आंकड़े

क.

1) प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क के अंतर्गत जनसंख्या और घरों की संख्या।

2) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के विनियम 2(ग) के अंतर्गत

निहित प्रावधानों के आधार पर भौगोलिक क्षेत्र का वर्ग किलोमीटर और इसकी विभिन्न श्रेणियां। क्षेत्र को भौतिक मानचित्र में भी दर्शाया जाना चाहिए।

3) औद्योगिक और वाणिज्यिक कार्यकलाप के संदर्भ में प्रस्तावित भौगोलिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां

4) वाहनों का प्रयोग करने वाली जनसंख्या की रूपरेखा

ख. प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क के विभिन्न ग्राहक वर्गों में प्राकृतिक गैस की संभावित मांग का प्रारम्भिक निर्धारण।

ग. प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के संभावित स्रोत और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन तक पहुंच संबधी योजनाएं।

घ. क्या जिन राज्यों या संघ क्षेत्रों के क्षेत्राधिकार में प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क स्थित है, उन राज्यों ने उक्त नगर में प्राकृतिक गैस के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए कोई कानून लागू किया है या कोई प्रशासनिक कार्रवाई की है? यदि इस प्रश्न का उत्तर हां में है तो ऐसे कानून या प्रशासनिक आदेश की प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।

3. डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर का भुगतान आदेश नं0 .....दिनांक..... <बैंक और शाखा का नाम> से बनवाकर..... के आवेदन शुल्क का भुगतान।

दिनांक
स्थान

कंपनी या प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम और हस्ताक्षर

कार्यालय मोहर

अनुसूची ग

[विनियम 5(7) देखें]

सीजीडी नेटवर्क के प्राधिकार के लिए आवेदन-सह-नीलामी

सेवा में,

सचिव,
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड
प्रथम तल, विश्व व्यापार केन्द्र,
बाबर लेन, क्नॉट प्लेस,
नई दिल्ली-110 001

विषय: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के लिए कंपनी को प्राधिकृत करना) विनियम, 2008 के अंतर्गत.....राज्य या संघ क्षेत्र के.....प्रस्तावित भौगोलिक क्षेत्र में नगर या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क के बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार करने के प्राधिकार देने हेतु आवेदन-सह-नीलामी

(जहां आवश्यक हो सूचना प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त शीट संलग्न करें)

भाग-1 कंपनी का सामान्य विवरण और परियोजना का तकनीकी विवरण (विधिवत चिह्नित, मोहरबंद और एक अतिरिक्त लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए)		
1.	कंपनी का विवरण	
क.	कंपनी का नाम	
ख.	कंपनी का प्रकार - सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी/निजी लिमिटेड कंपनी/भागीदार कंपनी/प्रोप्राइटरशिप फर्म/अन्य (कृपया उल्लेख करें और संस्था के अंतर्नियम या साझेदारी विलेख आदि, जैसा लागू हो, संलग्न करें)।	
ग.	निगमन की तारीख और व्यवसाय शुरू करने की तारीख	
घ.	पंजीकृत कार्यालय का पता	
ड.	सभी निदेशकों/भागीदारों/प्रोप्राइटरों के नाम, पते, दूरभाष संख्या, ई-मेल पते (कृपया	

	एसटीडी कोड और पिन कोड सहित पूरा विवरण दें)।	
2.	वित्तीय विवरण	
क.	शेयर पूंजी या प्रोप्राइटर की स्वयं की निधियां, जैसा लागू हो।	
ख.	लिए गए ऋण की - राशि, अवधि, अधिस्थगन अवधि, ब्याज की दर और इस ऋण को प्राप्त करने के लिए बंधक या मालबंधन रखी गई परिसम्पत्ति, यदि कोई हो।	
ग.	रिजर्व, यदि कोई हो	
घ.	स्थाई परिसम्पत्ति	
ड.	वर्तमान परिसम्पत्ति	
च.	वर्तमान देयताएं	
छ.	बिक्री कारोबार	
ज.	कर-पश्चात लाभ	
	(पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए लेखा परीक्षित लाभ-हानि खाते और तुलन-पत्र की प्रतियां संलग्न करें) - यदि कंपनी एक सहायक कंपनी है तो पिछले तीन वित्तीय वर्षों के मूल कंपनी के लेखा परीक्षित लाभ-हानि खाते और तुलन-पत्र की प्रतियां संलग्न करें।	
3.	कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियां	
क	कंपनी के सभी मौजूदा नगर गैस वितरण नेटवर्कों का विवरण, यदि कोई हो, इसमें डिजाइन विशिष्टताएं, संस्थापित क्षमता, पूंजी लागत, प्रचालन लागत का वार्षिक विवरण, नेटवर्क की आयु, ग्राहक रूपरेखा के विवरण सहित नेटवर्क में गैस की मात्रा का परिवहन, वितरण नेटवर्क का मानचित्र और ड्राइंगों	

	जिसमें मौजूदा सुविधाओं और भावी योजना का विवरण दिखाया गया हो, प्राकृतिक गैस संसाधन, वसूल की जा रही इकाई नेटवर्क की औसत दर, आदि शामिल हैं।	
ख	प्राकृतिक गैस की आपूर्ति और विपणन के लिए किसी कंपनी के साथ किए गए समझौते या सहयोग का विवरण।	
ग	पिछले पांच वर्षों से प्रवर्तकों द्वारा किए जा रहे अन्य व्यवसाय, यदि कोई हो, का विवरण।	
4.	स्वामित्व और सम्बद्धता का विवरण	
क	प्रवर्तकों का विवरण	
ख	कंपनी की सभी सम्बद्ध संस्थाओं का विवरण, जिसमें कंपनी और सम्बद्ध संस्थाओं के बीच व्यावसायिक रिश्ते को बताया गया हो। ('सम्बद्ध संस्था' से वही अभिप्रेत होगा जो सम्बद्ध आचार संहिता के संबंधित विनियामक में परिभाषित है) ।	
ग	कंपनी बोर्ड द्वारा मांगे जाने पर अपने और अपनी कंपनियों के सभी संबंधित प्रलेखों या दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का वचन देती है।	हां/नहीं
घ	क्या कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत है?	हां/नहीं
ड.	क्या कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत किसी कंपनी द्वारा प्रोमोट की गई है?	हां/नहीं
च.	यदि संस्था आवेदन-सह-बोली प्रस्तुत करते समय कंपनी नहीं है तो प्राधिकार के लिए उसका चयन होने पर वह कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक कंपनी निर्माण की घोषणा करती है।	हां/नहीं
छ.	प्रोमोटरों की लेटर ऑफ कम्फर्ट के रूप में	हां/नहीं

IndiaCode

	घोषणा पत्र, जिसमें यह घोषणा की गई हो कि प्राधिकार मिलने की तारीख से तीन महीने के अंदर परियोजना को दिए गए उनके वित्तीय योगदान को इक्विटी शेयर पूंजी में बदल दिया जाएगा। प्रोमोटरों के लैटर आफ कम्फर्ट संलग्न करें।	
5.	प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क परियोजना का तकनीकी विवरण	
क.	प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क परियोजना का नाम	
ख.	प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क परियोजना के संबंध में नगर, कस्बा या क्षेत्र, जिसे विकास जोन में रखा गया है, का विवरण जिसमें प्रस्तावित सुविधाओं को दर्शाने वाला एक नक्शा भी बनाया गया हो।	
ग.	परियोजना का तकनीकी विशेष विवरण, जिसके साथ संभाव्यता रिपोर्ट और पाइपलाइन डिजाइन, दबाव, नेटवर्क की लम्बाई, पाइपलाइन का व्यास, पाइपलाइन की मोटाई, मार्ग, अपक्षय सुरक्षा व्यवस्था, सीटी गेट स्टेशन, प्राकृतिक गैस का स्रोत, टोंटी निकालने के स्थान, मुख्य ब्लॉक बल्ब, गंधनाशक सुविधाएं मापने की व्यवस्था, जीएनजी स्टेशन, एचएसई मापदण्ड आदि का पूरा ब्यौरा दिया गया हो।	
घ.	प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क परियोजना के लिए अभिकल्पित विकास योजना संलग्न करें, जिसमें सीजीडी नेटवर्क की डिजाइन और संस्थापित क्षमता, निर्धारित पूंजी व्यय योजना, प्रचालनों के चरण-वार शुरू होने की संभावित निधियां और परियोजना को पूरा करने के संबंध में गतिविधियों या लक्ष्यों का विवरण दिया गया हो।	

ड.	प्राकृतिक गैस की अनुमानित मात्रा जिसमें कंप्रेशन से पहले सीएनजी स्टेशनों को की जाने वाली आपूर्ति शामिल हो परिवहन तथा बिक्री के लिए प्रस्तावित हो। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित स्थिर मात्रा, यदि कोई हो, का विवरण भी दें।	
च.	प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के स्रोत और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के साथ क्षमता समझौता, यदि कोई हो, जिसमें समझौते की चरण-वार कनेक्टिविटी और विवरण शामिल हो।	
छ.	क्या राज्य या संघ क्षेत्र, जिसके अधिकार क्षेत्र में प्रस्तावित सीजीडी नेटवर्क स्थित हैं, ने उक्त भौगोलिक क्षेत्र में प्राकृतिक गैस को प्रोत्साहन देने के लिए कोई कानूनी लागू किया है या कोई प्रशासनिक कार्रवाई की है? यदि प्रश्न का उत्तर हां में है तो ऐसे कानून या प्रशासनिक आदेश की प्रति प्रस्तुत करें।	हां/नहीं
ज	क्या सीजीओ नेटवर्क का डिजाइन तैयार करते समय तकनीकी मानकों और विशेष विवरणों संबंधी विनियमों में बताए गए तकनीकी मानकों, विशेष विवरणों और सुरक्षा मानकों को शामिल किया गया है? कृपया पूरा विवरण दें।	हां/नहीं
झ	आपदा प्रबंधन योजना की प्रतिलिपि संलग्न करें।	
ट	क्या परियोजना केन्द्र या राज्य सरकारों से किसी सांविधिक कर से कोई राजसहायता, छूट, आस्थगन या माफी की पात्र हैं? यदि हां, तो कंपनी की वर्ष-वार उपयोग योजना की सूचना देते हुए पूरा विवरण दें।	हां/नहीं
ठ	विनियम 5 *(6)* के अंतर्गत अप्रतिदेय आवेदन शुल्क	< > रु0

IndiaCode

ड़	डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान आदेश	
	डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान आदेश की संख्या और दिनांक	
	जारीकर्ता बैंक और शाखा का नाम	
ढ़	बोली बंधपत्र	< > रु0
	डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान आदेश	
	डिमांड ड्राफ्ट या भुगतान आदेश की संख्या व दिनांक	
	जारीकर्ता बैंक और शाखा का नाम	

